**Devi Ahilya Vishwavidyalaya**
(Grade 'A+' University, Accredited by NAAC)
**Institute of Engineering & Technology**
Vikramshila Parisar, Khandwa Road, Indore - 452017
Website: www.dauniv.ac.in, www.iet.dauniv.ac.in, director@ietdavv.edu.in

दिनांक : 25/08/2026

IET/DAVV/26/ 212

# सूचना

सभी विद्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे निम्नलिखित विषयों के संबंध में अधिकृत सुरक्षा कर्मियों एवं अन्य नामित अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करें:

- संस्थान का पहचान-पत्र अपने साथ रखना एवं मांगे जाने पर प्रदर्शित करना
- छात्रावास में प्रवेश एवं निकास
- वाहनों का प्रवेश एवं निर्धारित स्थानों पर पार्किंग
- संस्थान परिसर के भीतर आवागमन
- सुरक्षा, व्यवस्था एवं अनुशासन बनाए रखना

सुरक्षा कर्मी एवं नामित अधिकारी पहचान-पत्र की जाँच करने, छात्रावास में प्रवेश को नियंत्रित करने, वाहन पार्किंग को व्यवस्थित करने तथा परिसर की सुरक्षा एवं अनुशासन के संबंध में आवश्यक निर्देश देने हेतु विधिवत अधिकृत हैं।

**सभी विद्यार्थी उनके साथ पूर्ण सहयोग करें तथा उन्हें सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन के दौरान उनसे अनावश्यक बहस, दुर्व्यवहार अथवा उनके कार्य में बाधा उत्पन्न न करें।**

इन निर्देशों के संबंध में किसी विद्यार्थी को कोई शिकायत/सुझाव होने पर वह निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से संस्थान प्रशासन को सूचित कर सकता है।

सभी विद्यार्थियों से पूर्ण सहयोग एवं निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन अपेक्षित है।

Bansal

निदेशक

**Director**
**Institute of Engineering & Technology**
**Devi Ahilya Vishwavidyalaya**
**INDORE**

प्रतिलिपि:

1. समस्त विद्यार्थी
2. समस्त गैर-शिक्षकीय कर्मचारी
3. समस्त शिक्षक
4. परिसर प्रभारी, आईईटी
5. प्रशासनिक अधिकारी
6. निदेशक कार्यालय